**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 13.06.2024 को आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक- 1785 / JJM- / 131 दिनांक 4-7-2024

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 13.06.2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं निम्न बिन्दु पर समीक्षा की गयी है :-

1. इं0 मोहित चक, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
2. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद।
4. इं0 के0डी0 सिंह, जूनियर इंजीनियर।
5. इं0 रामअवतार, जूनियर इंजीनियर।
6. इं0 सन्देश कर्दम, जूनियर इंजीनियर।
7. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
8. श्री मयंक सिंह, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0।
9. श्री एन0एस0 वीरामनी, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।
10. श्री विजय लोखण्डे, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा WTP हेतु प्रस्तावित भूमि के वाद के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत WTP हेतु ग्राम भडेरा, परगना–मारहरा, तहसील व जिला–एटा में प्रस्तावित भूमि गाटा संख्या–264 रकवा 7.751हे0 तथा गाटा संख्या–261/3.372हे0, 268/1.707हे0 व 250/7.207हे0 कुल रकवा 20.037हे0 में से गाटा संख्या–264 रकवा 7.751हे0 भूमि पर किसानों द्वारा राजस्व परिषद आगरा में कोर्ट केस में विवादित रकवा 7.751हे0 भूमि को छोडते हुये, अवशेष कुल रकवा 12.286हे0 पर जल शोधन सयंत्र के समस्त घटकों को रि–डिजाइन कराया गया है, जिस पर जल शोधन सयंत्र के निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉरसन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमश: पैकेज–1 एवं पैकेज–2 के कार्य कराये जा रहे है।

(1.) **पैकेज–01** :-

जनपद फिरोजाबाद में चयनित मैसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत फेज–IV के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगति के बारे में जानकारी चाही गयी। जिस पर मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि Raw Water Offtake & Raw Water Reservior की डिजाइन IIT-BHU से Vetted करा ली गयी है। जल शोधन सयंत्र के विभिन्न घटकों पर कार्य प्रगति पर है, कुल प्रस्तावित 08 नग CLF की PCC एवं 04 नग CLF की Raft का कार्य पूर्ण है। Clear Water Reservoir की PCC 80 प्रतिशत पूर्ण कर ली गयी है तथा Raft की Steel Binding का कार्य प्रगति पर है। Filter House के Excavation एवं Boundary Wall का कार्य प्रगति पर है। Clear Water Rising Main (Route-1) 1800 mm dia MS Pipe कुल प्रस्तावित 31.141 Km. के सापेक्ष **7.942** किमी0 की आपूर्ति प्राप्त कर ली गयी है, जिसके सापेक्ष 1.978 Km. की Laying का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रामगढ स्थित MIBPS -1 (12700 KL) की Raft Casting का कार्य प्रगति पर है तथा इन्दरई स्थित MIBPS-2 (2900 KL) की PCC एवं Raft का कार्य पूर्ण कर Vertical Wall की Steel Binding एवं Casting का कार्य

Scanned with OKEN Scanner

प्रगति पर है। MS Pipe Procurement के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 117.307 कि0मी0 के सापेक्ष मात्र 7.942 कि0मी0 की आपूर्ति कर ली गयी है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास 1800 & 1100 mm dia MS Pipe Line Laying के लिये पर्याप्त Scope उपलब्ध है, परन्तु फर्म द्वारा MS Pipe का Procurement न किये जाने के कारण कार्यों में बिलम्ब हो रहा है, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं फर्म को निर्देश दिये गये कि MS Pipe के Procurement कार्य में तेजी लाते हुये कार्य को सम्पादित कराये। साथ ही अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि मुख्य विकास अधिकारी की तरफ से फर्म को Pipe Procurement हेतु नोटिस निर्गत कराये। साथ ही फर्म को यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विभिनन कार्य स्थलों पर कराये जा रहे Concrete कार्यों पर Curing की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा MS Pipe की Laying के दौरान कार्य स्थल पर व्यापक सुरक्षा मानकों का अनुपालन करते हुये कार्यों को सम्पादित कराये। कार्य स्थलों पर कार्यों से सम्बन्धित विभिन्न अभिलेख जैसे साइट निरीक्षण रजिस्टर, आर0एफ0आई0, क्यूब टेस्ट रिपोर्ट, डिजाइन एवं ड्राइंग, विभिन्न व्यास के पाइप की Pre Delivery & Post Delivery Inspection Report एवं मास्टर टेस्ट रजिस्टर का नियमित रूप से रखरखाव सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि साइट इंजीनियर एवं आवश्यकतानुसार कार्य स्थल पर मैन पावर बढ़ाते हुये Bar Chart के अनुसार प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

(2.) <u>पैकेज–02</u> :–

जनपद फिरोजाबाद में चयनित मैसर्स एल0एण्डटी0 लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत फेज–IV के प्रस्तावित कार्यो एवं प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि संशोधित डी0पी0आर0 की डिजाइन के अनुसार OHT (249 Nos.), IBPS - 08 Nos., Clear Water Rising Main - 1332.73 Km एवं Distribution System - 5424.70 Km हो गयी है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 178 नग Location पर कार्य प्रारम्भ करते हुये 1337.00 Km पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 199 Location पर OHT Excavation, PCC एवं Raft के कार्य प्रगति पर हैं, 100 Location पर OHT की Campus Boundary Wall का कार्य प्रगति पर है, 08 नग IBPS पर CWR, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर है एवं Clear Water Rising Main के सापेक्ष 101.00 Km पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

तदोपरान्त अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मई, 2024 तक बिछायी गयी कुल 1171.66 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने के लिये 162.00 कि0मी0 सड़क काटी गयी है जिसके Road Reinstatement का वर्क प्लान फर्म द्वारा माह–जून, 2024 में 77 कि0मी0 एवं जुलाई, 2024 में 99 कि0मी0 पूर्ण किया जाना प्रस्तुत किया गया है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक प्रगति शून्य है। निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन, अवर जलाशयों एवं IBPS पर मैन पावर बढ़ाते हुये तीव्रगति से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराये जाये। माह जुलाई, 2024 तक Pipe line की Hydro Testing, FHTC घर के अन्दर प्रदान करते हुये, Earth Back Filling की MDD Test एवं Pipe line में Gap Closing कराते हुये सभी Road Reinstatement का कार्य तीव्रगति से गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराये। प्रयास करें कि सड़क को मध्य से ना काटते हुये एक तरफ से काटी जाये, सड़क कटिंग का कार्य जे0सी0बी0 से ना कराते हुये कटर से कराया जाये और एवं पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त तुरन्त ही आवागमन योग्य कर दिया जाये, ताकि जनमानस को कठिनाईयों का सामना ना करना पड़े।

(3.) <u>टी0पी0आई0</u> :–

टी0पी0आई0 से Boundary Wall में Brick Quality एवं Pipe line की Depth के सम्बन्ध में आ रही कमियों की गुणवत्ता में सुधार के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी जिसके सम्बन्ध में टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि Boundary Wall के सभी कमियों का निराकरण करा दिया गया है एवं वर्तमान में पाइप लाइन

Scanned with OKEN Scanner

मानकानुसार बिछायी जा रही है। जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत फर्म की तरफ से Safety Engineer कार्य स्थल पर नहीं है, Labour License भी नहीं है, MS pipe की Laying पर Barricading नहीं की जा रही है एवं WTP कार्य स्थल पर लैब स्थापित नहीं की गयी है। DI Pipe की Laying में Bend पर Thrust Block बनाये बिना ही Back Filling कर दी जा रही है। निर्देश दिये गये कि कार्य स्थल पर पायी गयी कमियों का गुणवत्ता पूर्वक निराकरण करायें एवं पाइप की Post Delivery Report को PPT में सम्मिलित किया जाये एवं Back Filling की MDD Test Report भी आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये। फर्म द्वारा MS Pipe की Guniting कार्य में Stone dust का प्रयोग किया जा रहा है। निर्देशित किया गया कि Guniting कार्यो हेतु स्वीकृत QAP के अनुसार ही कार्यो का सम्पादन कराये एवं कार्यो की गुणवत्ता के सम्बन्ध में TPI आगामी बैठक में Report प्रस्तुत करें।

टी0पी0आई0 द्वारा पैकेज–1 अन्तर्गत निर्गत की गयी 36 नग NC's में से मात्र 06 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तर्गत निर्गत की गयी 96 नग NC's में से मात्र 52 नग NC's का निराकरण किया गया है। शेष पर दोनों फर्मों द्वारा कार्यवाही आपेक्षित है। निर्देशित किया गया कि निर्गत की गयी NC's का शत्–प्रतिशत निराकरण करे। टी0पी0आई0 द्वारा कार्यों की गुणवता बनाये रखने हेतु कार्यो का दैनिक निरीक्षण एवं फर्म द्वारा मरम्मत की गयी सड़कों की वस्तुस्थिति एवं गुणवत्ता से आगामी बैठक में अवगत कराये।

(4.) अन्य दिशा–निर्देश :–

अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही पाइप लाइन बिछायी जाये एवं विभागीय इंजीनियर से फर्मों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता हेतु दैनिक निरीक्षण कराया जाये।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

28/06/2024

(मोहित चक)
अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
फिरोजाबाद।

(दीक्षा जैन)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक का.र्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0(मैधज), फिरोजाबाद।
5. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
6. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

28/06/2024

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner